हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 13 मई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

हरियाणा में पूरी सुरक्षा के बीच नगर निकाय चुनाव के लिए पड़े मतों की गिनतीं जारी है। अभी तक अधिकतर जगह पर भाजपा उम्मीदवार आगे चल रहे हैं। अंबाला नगर निगम में महापौर पद के लिए में भाजपा प्रत्याशी अक्षिता सैनी 21358 मतों से चुनाव जीत गई हैं।उन्हें कुल।52794 वोट मिले हैं।

****

इस बीच पंचकूला नगर निगम के वार्ड नंबर 6, 8 और 9 और 10 के सदस्य के लिए हुए चुनाव का परिणाम घोषित हो गया है। वार्ड नंबर 6 से भाजपा के पार्थ गुप्ता 866 मतों से विजयी हुए। वार्ड नंबर 8 से भाजपा के राज कुमार जैन ने 948 मतों से और वार्ड नंबर 9 से भाजपा के हरेंद्र मलिक ने 1623 मतों से चुनाव जीत लिया है। वार्ड नंबर 10 से भाजपा के शेखर 59 मतों से विजयी हुए हैं।

****

उकलाना नगर पालिका में अध्यक्ष पद की उम्मीदवार निर्दलीय प्रत्याशी रीमा सोनी चुनाव जीत गई हैं। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार निकिता गोयल को हराया।

****

सोनीपत नगर निगम में सदस्य पद के लिए चुनाव के परिणाम आने शुरू हो गए हैं।

वार्ड एक से कांग्रेस के जय कवार खत्री 270 वोट से जीत गए हैं। जयकवार खत्री ने 3240 वोट हासिल कर भाजपा के निवर्तमान पार्षद हरिप्रकाश सैनी को 270 वोट से हराया।भाजपा प्रत्याशी हरि प्रकाश सैनी को 2970 व निर्दलीय प्रत्याशी एडवोकेट मनीष सैनी को 2840 वोट मिले।

वार्ड न 2 से भाजपा के मुकेश ने जीत दर्ज की। मुकेश ने 3405 वोट हासिल कर पूर्व पार्षद सुरेंद्र नैयर को 1532 वोट से हरा कर जीत हासिल की।सुरेंद्र नैयर ने 1873 व कांग्रेस प्रत्याशी पवन ने 1576 वोट हासिल किए। वार्ड 3 से बीजेपी के सुरेंद्र मदान ने 3732 वोट हासिल कर कांग्रेस के अनुज छाबड़ा को 1081 वोट से हराकर जीत हासिल की।अनुज छाबड़ा को 2651वोट मिले।

****

सोनीपत नगर निगम से राजीव जैन 23247 वोट से महापौर पद का चुनाव जीत गए हैं।

उन्होंने कांग्रेस के कमल दीवान को हराया है। पंचकूला में नगर निगम चुनाव में महापौर पद के लिए 8वें राउंड के परिणाम में भाजपा के महापौर पद के प्रत्याशी श्यामलाल बंसल 14894 वोट से आगे हैं। भाजपा के श्यामलाल बंसल को अब तक 25598 वोट मिले हैं जबकि कांग्रेस की सुधा भारद्वाज को 10704 वोट मिले हैं।। राजेश कुमार आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार 1426 वोट के साथ तीसरे नंबर पर चल रहे हैं।वहीं अभी तक नोटा को भी 550 वोट मिले हैं।

****

सांपला नगर पालिका चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार प्रवीण कोच ने 687 वोट से जीत हासिल की प्रवीण कोच को 4391 वोट जबकि निर्दलीय उम्मीदवार अंकित ओहल्याण को 3704 वोट मिले। कांग्रेस पार्टी ने इस चुनाव में अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था।

****

रेवाड़ी जिले के धारूहेड़ा नगर पालिका में भी भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अजय जांगड़ा भी 6200 वोटो से जीत गए हैं। भाजपा के अजय जांगड़ा को 9392 वोट मिले जबकि बाबूलाल लांबा को मिले 3156 वोट लेकर दूसरे स्थान पर रहे।

****

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने सदर बाजार चौक का नाम महाराणा प्रताप चौक करने और निकलसन सडक़ का नाम महाराणा प्रताप सडक़ करने के निर्देश दिए हैं।

नगर परिषद अम्बाला सदर के कार्यकारी अधिकारी को इस संबंध में पत्र जारी करते हुए उन्होंने आवश्यक कार्रवाई शीघ्र-अतिशीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री ने अपने स्वैच्छिक कोष से 50 लाख रुपए की राशि प्रदान किए थे। श्री विज द्वारा 9 मई को महाराणा प्रताप जी की जयंती के दिन सदर बाजार चौक पर महाराणा प्रताप की साढ़े 12 फुट ऊंची और 16 क्विंटल वजनी मूर्ति का अनावरण भी किया गया था।

****

नि:स्वार्थ रूप से मरीजों की सेवा व मातृत्व भाव से मरीजों का ईलाज करने के उद्देश्य से फ़्लोरेन्स नाइटिंगेल की जयंती को कल अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर भिवानी के सामान्य अस्पताल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर लगाकर नर्सींग अधिकारियों को सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रघुबीर शांडिल्य ने नर्सींग दिवस मनाए जाने के पीछे के इतिहास की विस्तृत जानकारी दी ।

****